# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 13.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 13.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 13.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा विभागीय परीक्षा देकर दिनाँक 27.12.2024 को एएसआई के पद पर प्रोन्नत हुए कम्प्यूटर ऑपरेटर मनीष वर्मा के कन्धों पर स्टार लगाकर अलंकृत किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा तकनीकी कार्य देख रहे एवं प्रोन्नति पाने वाले ए0एस0आई मनीष वर्मा का मुंह मीठा कराया गया तथा मन लगन से ड्यूटी करने हेतु बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। इनके अलावा जनपद के 04 अन्य कम्प्यूटर ऑपरेटर भी ए0एस0आई पद पर पदोन्नत हुए।
इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सोशल मीडिया सेल श्री निशिकान्त राय, प्रभारी निरीक्षक मॉनिटिरिंग सेल श्री विनोद कुमार शुक्ल ,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं कार्यालय में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम हेतू चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकमल के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त 1. पवन कुमार जैसवाल पुत्र मुन्नालाल जैसवाल निवासी सोनार गली थाना राजापुर जनपद चित्रकूट 2. पंकज सिंह पटेल पुत्र केशव प्रसाद पटेल निवासी चनहट थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 10 किलो ग्राम अवैध सूखा गांजा,अवैध गांजा परिवहन में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। बरामद मोटरसाइकिल के कागजात न होने पर धारा 207 एमवी एक्ट के अन्तर्गत सीज किया गया।
गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-
1.उ0नि0 श्री इन्द्रजीत गौतम कोतवाली कर्वी
2.उ0नि0 श्री अनिल मिश्रा
3. आरक्षी चालक नीतु द्विवेदी
4. आरक्षी इन्दल कुमार

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी गल्ला मंडी समिति उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त 1.बुद्ध विलास पटेल पुत्र मुन्ना सिंह निवासी सोनपुर कोतवाली कर्वी2. चंद्रेश वर्मा पुत्र मैकूलाल निवासी बड़ी कोतवाली कर्वी 3.जितेंद्र शुक्ला पुत्र अरुण कुमार 4.अविनाश गुप्ता पुत्र हीरालाल निवासी गाना भरतपुरी कर्वी 5.प्रेम सिंह यादव पुत्र देवराज निवासी गरबा कोतवाली कर्वी 6.राजापाल पुत्र देशराज निवासी बनाडी 7.अजय पटेल पुत्र शिवनारायण निवासी सोनपुर कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 5100/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 710 /- रुपये बरामद किये गये। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
**बरामदगी:-**
1.मालफड़ 5100/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते
2.जामा तलाशी से 710 /- रुपये
**गिरफ्तार करने वाली कोतवाली व एसओजी की संयुक्त टीम:-**
1.चौकी प्रभारी गल्ला मंडी समिति उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह
2.आरक्षी कुलदीप द्विवेदी

3.आरक्षी राहुल देव
4.आरक्षी रोशन
5.आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा

**(6).** आज दिनांक 13.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा थानाध्यक्ष भरतकूप श्री प्रवीण कुमार सिंह की उपस्थिति में महाकुंभ पर्व के दृष्टिगत शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना भरतकूप अंतर्गत अंतर्जनपदीय बैरियर बुंदेलखंड जीरो प्वाइंट पर संदिग्ध व्यक्ति/संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बैरियर पर बने चेक पोस्ट का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस(आईटीबीपी) के जवानों को लगातार संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग करने हेतु बताया गया तथा संदिग्ध परिस्थिति में थानाध्यक्ष भरतकूप को जानकारी देकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(7).** आज दिनाँक 13.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा मकर संक्रान्ति मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत भरतकूप मंदिर का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा डियूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा स्नान कर मंदिर पर दर्शन-पूजन करने आते है जिसमें महिलाएं व बालिका की संख्या अत्यधिक रहती है उनके साथ किसी भी प्रकार की कोई घटना न होने पाये उसके दृष्टिगत मुस्तैदी से ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं से विन्रमता पूर्वक व्यवहार करने,मंदिर के आस पास साफ सफाई कराने तथा रास्ते में जमें पानी को नाले की सहयोग से पानी को निकलवाने हेतु थानाध्यक्ष भरतकूप को नगर पालिक से समन्वय स्थापित कर साफ –सफाई कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**(8).** आज दिनाँक-13.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना मऊ व थाना रैपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई व थाना कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, बंदीगृह,सीसीटीएनएस कार्यालय,प्रभारी निरीक्षक कार्यालय,महिला हेल्प डेस्क एवं नवनिर्मित भवन व अस्पताल का निरीक्षण कर परिसर के अन्दर रखे कण्डम सामान को व्यवस्थित रखकर साफ सफाई कराने एवं महाकुंभ प्रयागराज के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में लगातार चेकिंग,रास्ते से अतिक्रमण हटवाने व रोड के किनारे खुले लाने को ढकवाने हेतु बताया गया जिससे महाकुंभ इस पावन पर्व पर जनपद चित्रकूट में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये थाना क्षेत्र में रात्रि गस्त पिकेट में लगे कर्मचारियों को ब्रीफ करने तथा अनावश्यक रूप से रोड पर खड़े वाहनों को हटवाने हेतु दिशा निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय,प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्याम प्रताप पटेल, पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थिति रहें।

**(9).** आज दिनाँक-13.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा महिला थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई व थाना कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, सीसीटीएनएस कार्यालय,थानाध्यक्ष कार्यालय,महिला हेल्प डेस्क,थाना परिसर में शौचालय,पानी की व्यवस्था कराने, परिसर के अन्दर रखे सामानों को व्यवस्थित रखकर साफ सफाई कराने हेतु दिशा निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष महिला थाना श्रीमती सविता सरोज,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थिति रहें।

**(10).** आज दिनाँक 13.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा मकर संक्रान्ति/महाकुंभ मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत भरतकूप मंदिर का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। डियूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रयागराज महाकुंभ का स्नान कर जनपद में भारी संख्या में आवागमन होता है,जिसके चलते रामघाट,परिक्रमा मार्ग, भरतकूप मंदिर पर दर्शन-पूजन करने आते है जिसमें महिलाएं व बालिका की संख्या अत्यधिक रहती है उनके साथ किसी भी प्रकार की कोई घटना न होने पाये। पुलिस कर्मी निर्धारित समय पर ड्यूटी पर उपस्थित हो,मुस्तैदी से ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं से विन्रमता पूर्वक व्यवहार करने,मंदिर के आस पास साफ सफाई कराने, रास्ते में जमें पानी को निकलवाने,रोड पर अतिक्रमण हटवाने,बैरियरों पर लगातार चेकिंग करने तथा रात्रि गस्त पिकेट के दौरान संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर उच्चाधिकारी को अवगत कराने हेतु बताया गया।

इस दौरान थानाध्यक्ष भरतकूप श्री प्रवीण कुमार सिंह,पीआरओ प्रवीण सिंह मौजूद रहे।